Rajasthan Police	AHTU – JODHPUR EAST /WEST DATE – 03-03-2023 E-mail-ahtueastjdrcity@gmail.com	

प्रेस नोट

नाबालिग गुमशुदा बालकों की तलाश हेतु विशष अभियान

"खुशी–VI"

श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर के पत्रांक एएचटी/एमपीसी/विशेष अभियान **"खुशी–VI"** /2023/589–644 दिनांक 28.02.2023 की पालना में 18 वर्ष से कम आयु के गुमशुदा नाबालिग बालकों की तलाश में विशेष अभियान दिनांक 01.03.2023 से 31.03.2023 तक सम्पूर्ण राजस्थान में अभियान **"खुशी–VI"** चलाया जा रहा है, विशेष अभियान **"खुशी–VI"** सफल कियान्वन तथा बाल सुरक्षा कानुन प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी संस्थाओं के आमुखीकरण हेतु जिला स्तर पर जे.जे. बोर्ड बाल कल्याण समिति, एनजीओ एवं पुलिस विभाग के मध्य आपसी सामन्जस्य हेतु ऐसे सभी गुमशुदा नाबालिग बच्चे जो 18 वर्ष तक की आयु के है कि तलाश कर उनके परिजनों से मिलाने व बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, फुटपाथ, मन्दिर, मस्जिद व अन्य स्थानों पर नाबालिग द्वारा भिक्षावृति की जा रही हो ऐसे नाबालिग बच्चों की स्क्रीनिंग करने एव उनके पुनर्वास हेतु जिला जोधपुर पूर्व एवं जिला जोधपुर पश्चिम की सयुक्त बैठक श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकाउ जोधपुर पूर्व श्री निशान्त भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित की गयीं बैठक में बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याया बोर्ड, बाल अधिकारिता विभाग, बालिका गृह, किशोर गृह, महिला एवं बाल अधिकारिता विभाग, प्रभारी मानव तस्करी विरोधी यूनिट पूर्व/पश्चिम, समस्त थाना बाल कल्याण अधिकारी जिला पूर्व/पश्चिम आयुक्तालय द्वारा अभियान को सफल बनाने के सम्बन्ध में विचार व्यक्त किये। विशेष अभियान **"खुशी–VI"** में ज्यादा से ज्यादा गुमशुदा नाबालिग बालक/बालिका की स्क्रीनिंग व तलाश कर पुर्नवास करावे।